रा.म प्र.(पी.जी.) कालेज नारसन
प्राप्ति
प्राप्ति का दिनांक 28/04/2023
रजिस्टर क्रम संख्या 38

का0 अ0/श्री मुकेश कुमार
सम्बन्धित के सूचनार्थ एवं आ.का. हेतु प्रतिलिपि नोटिस बोर्ड एवं महाविद्यालय के वेबसाइट पर प्रेषित करें
28/4/2023

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड़ विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड़–249 199

Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay

Badshahithaul, Tehri Garhwal–249 199

Ref. No : २२१ /SDSUV/EXAM/2023 दिनांकः 27.04.2023

कार्यालय ज्ञाप

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/महाविद्यालय/अशासकीय महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित संस्थानों एवं ऐसे छात्र/छात्राऐं जिनके द्वारा विश्वविद्यालय से पूर्व में वार्षिक पद्धति में व्यक्तिगत/संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाऐं उत्तीर्ण की गयी हैं परन्तु **ऐलीमेन्टरी बुक कीपिंग व पर्यावरण विज्ञान** की परीक्षाओं से वंचित रह गये हैं या अनुर्तीण हुये हैं। को सूचित किया जाता है कि मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरांत सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं को उक्त दोनों अनिवार्य विषयों में परीक्षा देने हेतु सत्र 2022–23 की वार्षिक परीक्षा जोकि माह मई में होनी प्रस्तावित हैं के साथ अन्तिम अवसर (One Time Settlement) प्रदान किया जाता हैं। इस के उपरान्त सम्बन्धित परीक्षा हेतु कोई भी विचार नहीं किया जायेगा।

सम्बन्धित परीक्षा में सम्मलित होने हेतु परीक्षार्थी अपने संस्थान तथा जिन संस्थानों में यह परीक्षा सम्पादित नहीं करायी जा रही है वे अपने निकटतम महाविद्यालय/संस्थान में परीक्षा सम्पादित होने की तिथि तक प्रार्थना पत्र, अंकतालिका तथा रू0 500 का डिमांड ड्राफ्ट जोकि वित्त अधिकारी श्रीदेव सुमन के नाम देय होगा के साथ परीक्षा में सम्मलित हो सकते हैं।

अतः समस्त प्राचार्य/निदेशक/परीक्षा प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त सूचना अपने महाविद्यालय/संस्थानों के सूचना पट्ट पर लगाने तथा सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

डॉ0 (वी0पी0 श्रीवास्तव)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को छात्र हित एवं जनहित को मध्यनजर रखते हुये अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. निजि सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य/निदेशक सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।
4. कुलसचिव महोदय।
5. वित्त अधिकारी।
6. सहायक परीक्षा नियंत्रक (मुख्य/व्यावसायिक)।
7. सहा0 कुलसचिव (वि0/प्र0)।
8. प्रभारी डाटा सेन्टर।
8. श्री गजेन्द्र सिंह रावत को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेवसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
9. कार्यालय प्रति।

27.4.23
डॉ0 (वी0पी0 श्रीवास्तव)
परीक्षा नियंत्रक

Scanned with CamScanner